This Question Paper contains 4 printed pages.

09H (A)

HINDI

(Second Language)

(Parts A and B)

Time : 3 Hours **Maximum Marks : 80**

Instructions :

1. *Read the following question paper and understand every question thoroughly.*
2. *Answer **all** the questions as directed.*
3. ***Part 'A'** questions have to be written in the separate answer booklet.*
4. *Write the answers to the questions under **Part 'B'** on the question paper itself and attach it to the answer booklet of **Part 'A'**.*

Part A

Time : 2 Hours, 30 Minutes ***Marks : 60***

SECTION - I (अंक : 20)

I. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।

5 x 1 = 5

उन्होंने अपना सारा जीवन गरीब, अनाथ और बीमार लोगों की सेवा में लगा दिया । सन 1970 तक वे गरीबों और असहायों के लिए अपने मानवीय कार्यों के लिए प्रसिद्ध हो गईं ।

सन 1979 में उन्हें नोबेल पुरस्कार, सन 1980 में भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया । उन्होंने कथनी से कहीं, करनी को अधिक महत्व दिया । इसलिए वे हमेशा कहा करती थीं, "प्रार्थना करने वाले होंठों से सहायता करने वाले हाथ कहीं अच्छे हैं ।" मातृमूर्ति, करुणामयी सेंट मदर तेरेसा ने अपने जीवन में यह साबित कर दिखाया है कि, 'मानव सेवा ही माधव सेवा है ।'

https://www.telanganaboard.com

प्रश्न :

1. मदर तेरेसा ने सारा जीवन किनकी सेवा में लगा दिया?

2. वे किस लिए प्रसिद्ध हो गईं?

3. गद्यांश में किन पुरस्कारों का उल्लेख है?

4. वे हमेशा क्या कहा करती थीं?

5. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए । **5 x 2 = 10**

भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस देश के विभिन्न शहरों में मनाया जाता है । महात्मा गाँधी 9 जनवरी, 1915 को दक्षिण आफ्रिका से भारत लौटे थे । महात्मा गाँधी की दक्षिण आफ्रिका से भारत वापसी की याद में हर साल 9 जनवरी प्रवासी दिवस मनाया जाता है । इसका मुख्य उद्देश्य विश्व के 200 देशों में बसे भारतीयों को अपने देश की मिट्टी से जोड़ना है ।

प्रति वर्ष सैकड़ों भारत मूल के विदेशी नागरिक प्रवासी भारतीय दिवस के सम्मेलनों में भाग लेते हैं ।

प्रश्न :

6. प्रवासी भारतीय दिवस कब मनाया जाता है?

7. महात्मा गाँधी कहाँ से लौटे थे?

8. प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को क्यों मनाया जाता है?

9. इसका मुख्य उद्देश्य क्या है?

10. इस गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक लिखिए ।

https://www.telanganaboard.com

इ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए । 5 x 1 = 5

नर समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई -
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है ।
जिसने श्रम-जल दिया उसे
पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो ।

प्रश्न :

11. नर समाज का भाग्य क्या है?
12. श्रमिक के आगे क्या झुकी है?
13. किसे पीछे नहीं रहने देना चाहिए?
14. विजीत प्रकृति से श्रमिक को क्या मिलना चाहिए?
15. पद्यांश किस कविता से लिया गया है?

SECTION - II (अंक : 40)

अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में लिखिए । 4 x 4 = 16

16. प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय अपने शब्दों में लिखिए ।
17. वर्षा सबकी प्रिय ऋतु क्यों रही है?
18. रहीम के अनुसार सच्चा मित्र कैसे पहचाना जाता है?
19. पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी क्यों होती जा रही थी? 'जल ही जीवन है' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए ।

https://www.telanganaboard.com

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए । 3 x 8 = 24

20. 'भ्रूणहत्याओं के कारण समाज असंतुलित होता जा रहा है' । 'माँ मुझे आने दे' । कविता को दृष्टि में रखकर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(अथवा)

मीराबाई ने भक्तिपद में क्या निवेदन किया है?

21. रानी लक्ष्मीबाई को देश की स्वतन्त्रता के लिए किन समस्याओं का सामना करना पड़ा?

(अथवा)

टेसी थामस की शिक्षा और सफल जीवन पर प्रकाश डालिए ।

22. शिक्षा के महत्व को दर्शाते हुए 5 नारे लिखिए ।

(अथवा)

'इंटरनेट से लाभ अथवा हानि' विषय पर निबंध लिखिए ।

https://www.telanganaboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.telanganaboard.com